**NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH**
**(PEEVEES SCHOOLS, K.S.A.)**
Affiliated to CBSE – New Delhi.

**SUMMATIVE ASSESSMENT - 2 (2016 -2017)**

**Subject: HINDI (SL)**

**Date : 02-03-2017** **Duration: 2½Hrs**

**Class: VI Sec: ____** **Max. Marks: 90**

**Name: ____________________** **Roll No. : ______**

**Instructions to the Candidates:**

1. Please check that this question paper contains all the printed pages
2. All answers must be written in the provided answer sheet.
3. Read each question carefully and follow the instruction.
4. Do not write anything in the margin.
5. Do not exceed the prescribed word limit while answering the questions.
6. Do not split sections.

**खंड-क** **(15 Marks)**

**1) दिये गये गद्यांश को पढ़कर उसके अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिजिये । (10m)**

धरती के अचानक हिलने की घटना भूकंप कहलाती है । जब पृथ्वी के आंतरिक गर्म पदार्थों के कारण हलचल उत्पन्न होती है, तो भूकंप की स्थिति उत्पन्न होती है। समुंद्र में भूकंप आने के कारण जब ऊँची-ऊँची लहरें उत्पन्न होती है तो उसको सुनामी कहते हैं । कभी भूकंप हल्की तो कभी भारी तीव्रता का होता है। कम तीव्रता वाला भूकंप आने पर क्षेत्र-विशेष में धरती केवल हिलती हुई महसूस होती है लेकिन इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। अधिक तीव्रता वाला भूकंप कभी-कभी भारी क्षति पहुँचाता है । कच्चे और कमज़ोर मकान ढह जाते हैं, सैकडों मनुष्य मकान के मलबे में दबकर मर जाते हैं, हज़ारों घायल होजाते हैं। लोग बेघर हो जाते हैं। भूकंप को रोका नहीं जा सकता परंतु सावधानियॉ बरतने से इससे होने वाली क्षति ज़रूर कम हो जाती है। भूकंप आने पर घबराना नही चाहिए बल्कि आवश्यक सावधानियाँ बरतनी चाहिए। भूकंप एक प्राक्रतिक आपदा है, इसका मिल-जुलकर मुक़ाबला करना चाहिए।

**(क) भूकंप किसे कहते हैं ?** **(2m)**

(ख) भूकंप कैसे उत्पन्न होता है ? (2m)

(ग) भूकंप के द्वारा हुए दुष्प्रभाव लिखिए ? (2m)

(घ) भूकंप के समय क्या उपाय करने चाहिये ? (2m)

(ड.) धरती का विलोम शब्द लिखिए ? (1m)

(च) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ? (1m)

**2)दिये गये गद्यांश को पढकर उसके अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिजिये। (5X1=5m)**

अनुशासन का अर्थ है-नियम पालन । जीवन के हर क्षेत्र में उसकी आवश्यकता होती है । अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन में बहुत प्रगति करता है । अपने कार्य को समय पर पूरा करना ही अनुशासन है। विद्यालय में अनुशासन का अपना महत्त्व होता है । विद्यालय को साफ रखना, शांति से काम करना, समय पर स्कूल में आना और स्कूल का वस्त्र सही ढंग से पेहनना, ये छात्रों की अनुशासन प्रियता के लक्षण हैं । अनुशासन प्रेम का विषय है ये ज़ोर ज़बरदस्ती करने से नहीं आता है । घर तथा विद्यालय में इस ओर विषेश ध्यान देना चाहिये । नियमों का सही तरह से पालन करने वाला ही अच्छा बच्चा या अच्छा नागरिक बन सकता है ।

**(क) अनुशासन का अर्थ क्या है ?**

**(ख) विद्यालय में बच्चों को कैसे रहना चाहिये ?**

**(ग) अनुशासन से आप क्या समझते हैं ?**

**(घ) ' पाठशाला ' के समान अर्थ वाले शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए ?**

**(ड.) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?**

## <u>खंड-ख</u> (25 Marks)

**3) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -** (5m)

**क)** सम्मानित **ख)** प्रलोभन **ग)** दुर्लभ **घ)** व्यर्थ **ड.)** उत्सुक

**4) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-** (2m)

**क)** हवा **ख)** सलोना

**5) निम्नलिखित शब्दों में मूल और प्रत्यय अलग करके लिखिए -** (2m)

**क)** सज्जनता **ख)** दैनिक

**6) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए** **(4m)**

**क)**उत्तर **ख)** काली **ग)** भाव **घ)** साल

**7) दिये गय शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-** **(4x1=4m)**

**क)** तुम्हें अपनी --------------- के लिये कार्य करना चाहिये । (भला)

**ख)** ---------------मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है। (नर्म)

**ग)** मुझे उसकी ----------------- पर गर्व है । (वीर)

**घ)** मोहन की --------------- से सभी परेशान हैं । (मूर्ख )

**8) निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाओ ।** **(3m)**

**क)** संयोग **ख)** अभिमानी **ग)** अंकुर

**9) विलोम शब्द लिखिए -** **(5m)**

**क)** ज़मीन **ख)** हानिकारक **ग)** आरंभ **घ)** गरीब **ङ.)** सुगंध

## <u>खंड-ग</u> (35 Marks)

**10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** **(7X2=14m)**

**क)** उस लड़के की सहायता डॉक्टर साहब ने कैसे की ?

**ख)** बार-बार पानी देने पर भी पौधे क्यों मुरझाने लगे ?

**ग)** सावित्री को खान से हींग क्यों लेनी पड़ी ?

**घ)** राई का दाना कहाँ पहुँच गया और कैसे ?

**ङ.)** "नामुमकिन लफ़्ज़ मेरे कोश में नहीं है " ये शब्द किसने कहे और क्यों ?

**च)** राजकिशोर जी बसंत को क्यों बचाना चाहते थे ?

**छ)** डॉक्टर साहब का दाँव किस प्रकार खाली गया ?

**11) निम्नलिखित प्रश्नों के अर्थ स्पष्ट कीजिए-** **(3X2=6m)**

**क)** सबके सब कमज़ोर हैं । भीख माँगने को धंधा बना रखा है । मौका मिलते ही चोरी करने से भी नहीं चूकते ये लोग ?

**ख)** पर्वत झेंपा हुआ शरम से अब तो पानी-पानी ,

सिर नीचा हो जाता उसका, होता जो अभिमानी ।

**12) नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिये उपयुक्त एक-एक शब्द लिखिय-** **(4m)**

**क)** जो मुमकिन या संभव न हो **ख)** बाग लगाने और उसके देखभाल का कार्य

**ग)** खुशी प्रदान करने वाली खबर **घ)** मन को मोहने वाला

**13) सही उत्तर पर सही का निशान और ग़लत पर ग़लत निशान लगाये-** **(5X1=5m)**

**क)** एक रुपये में बारह आने होते हैं।

**ख)** एक सप्तह के परिश्रम के बाद पथरीली ज़मीन कुछ-कुछ तैयार लगने लगी।

**ग)** खान काबूल का रहने वाला था ।

**घ)** रंजीत पंडित और नेहरु जी के प्रयासों से पौधे धीरे-धीरे पनपने लगे ।

**ड.)** जब नेहरु जी प्रधान मंत्री के रूप में अत्याधिक व्यस्त हो गए, तब उनमें प्रकृति के प्रति वैसा आकर्षण नहीं रह गया ।

**14) सही उत्तर चुनकर लिखिए -** **(6x1=6m)**

1. लेखक उस बालक को क्या बनाना चाहते थे ?

**क)** मेहनती **ख)** आत्मनिर्भर

**ग)** संकल्पवान **घ)** सत्यावादी

2. जेल में बहार पाठ की लेखिका हैं -

**क)** महादेवी वर्मा **ख)** सरोजिनी नायडू

**ग)** सुरेखा पणंदीकर **घ)** विजयलक्ष्मी पंडित

3. बच्चे दौड़ कर किससे लिपट गए ?

**क)** सावित्री से **ख)** अपनी बुआ से

**ग)** अपनी दादी से **घ)** खान से

4. धीरज का भाव किस में था ?

**क)** पर्वत में **ख)** आदमी में

**ग)** राई में **घ)** शेर में

5. भीख माँगने वाले कब भाग खड़े होते थे ?

क) डाँटें जाने पर  ख) कोई काम बताए जाने पर

ग) डंडा दिखाई जाने पर  घ) जब उन्हें काम चोर बताया जाता था

6. मोटर के नीचे कौन आ गया था ?

क) एक गरीब किसान  ख) प्रताप

ग) बसंत  घ) भीखू अहीर

**खंड -घ** (15 Marks)

15) **निम्नलिखित किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए –** (5m)


बाल दिवस

**अथवा**

भारत के गाँव

16) रुपये मंगवाने के लिए पिताजी को पत्र लिखिए- (5m)

17) दिए गए चित्र का वर्णन 80 से 100 शब्दों में कीजिये - (5m)




X समाप्त X



New AL WUROOD INTL S... New delhi
Affiliated to CBSE
Affiliation No ...30008